हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री



4

एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण अभियान की रोल मॉडल पहल ने बालिकाओं को किया प्रेरित

# कोरबा वन मंडल के पहाड़ों में एक लाख से अधिक सीड बाल से तैयार होंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जल्द ही मानसून देने वाला है और वन विभाग जंगल में पौधरोपण की तैयारी में जुटा हुआ है। इस बार कोरबा वन मंडल ने इस मानसून में जिले के पहाड़ी और दुर्गम इलाकों को हरा-भरा करने की बड़ी तैयारी की है। वन विभाग इस वर्ष लगभग 1 लाख से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण सीड बॉल पद्धति से करेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वन मंडल के बालको, लेमरू, करतला सहित अन्य रेंज के कई ऐसे इलाके हैं जहां ज्यादातर पहाड़ी इलाका है। इन पहाड़ों को कैसे हरा भरा बनाया जा सके इस विषय पर कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर वन विभाग की टीम सीड बाल पद्धति से रोपण किया जाएगा। जिसके लिए वन विभाग ने अपनी रोपणी में तैयारी पूरी कर ली है। जून के अंतिम सप्ताह में जैसे ही

## कोरबा वन मंडल के विभिन्न रेंज में की गई है तैयारी

### खास बातें

- मानसून के दस्तक के साथ ही फेंका जाएगा सीड बाल
- बालको, लेमरु, करतला रेंज में किया जाता है उपयोग



### शुरू होगा रोपण कार्य

कोरबा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में पहाड़ों पर पौधरोपण करने के लिए सीड बाल पद्धति से लगभग 1 लाख से अधिक सीड बाल फेंके जाएंगे। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी कर ली है। मानसून के दस्तक देते ही सीड बाल से पौधरोपण कराया जाएगा।

-एसके सोनी, एसडीओ, वन मंडल कोरबा

## क्या है सीड बॉल पद्धति

एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा वन मंडल में लगभग एक लाख से अधिक सीड बाल के माध्यम से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीड बॉल यानी बीज की गोली। इसमें मिट्टी, खाद और बीज को मिलाकर छोटी-छोटी गेंदें बनाई गई है। मानसून से पहले इन गेंदों को पहाड़ों, बंजर जमीन और उन जगहों पर फेंक दिया जाता है जहां आम तरीके से पौधे लगाना मुश्किल होता है। बारिश होते ही ये गेंदें फूटती हैं और बीज अंकुरित होकर पौधा बन जाते हैं। इस बार लेमरू, करतला, पसरखेत, कुदमुरा सहित अन्य रेंज में पहाड़ी क्षेत्रों को टारगेट किया गया है। ये इलाके खनन और कटाई के कारण बंजर हो चुके हैं। सीड बॉल से वहां हरियाली लौटाने की कोशिश होगी।

मानसून दस्तक देगा वन विभाग ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को बनाया जा रहा सशक्त

**कोरबा।** छग शासन की किसान हितैषी नीतियों के तहत जिले में किसानों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का सुचारू संचालन किया जा रहा है। जिले में 60 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का एक मजबूत नेटवर्क कार्यरत है। इन समितियों के माध्यम से जिले के 55 हजार 841 किसान क्रेडिट कार्ड धारक सीधे जुड़े हुए हैं। समितियों द्वारा किसानों को खरीफ और रबी फसलों के लिए खाद, उन्नत बीज और नगद ऋण का वितरण बिना किसी ब्याज के समय पर सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले के पंजीकृत किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कल

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों की विभागीय मासिक समीक्षा बैठक 5 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहुत की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### आईटीआई पाली में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में संचालित एनसीव्हीटी व्यवसाय कोपा-48 सीट,वेल्डर-40 सीट, मोटर मेकेनिक-24 सीट,फिटर-20 सीट, विद्युतकार-20 सीट में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून है। इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर विवरणिका का भली-भांती अवलोकन कर पात्रतानुसार आवेदन कर सकते हैं।

### विभिन्न पदों पर भर्ती हेत पात्र अपात्र की सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु 27 फरवरीतक आवेदन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाए गये थे। उक्त पदों लिये पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिला के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति संबंधी आवेदन हेतु 8 जून तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक, कोरियर के माध्यम से शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### मेडिकल अस्पताल में निःशुल्क कैंसर जॉच एव परामर्श शिविर कल

**कोरबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में 5 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्व.बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में निःशुल्क कैसर जॉच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में कैंसर विशषज्ञों द्वारा जॉच एवं परामर्श दिया जाएगा। स्तन कैंसर कि जांच (मेमाग्राफी द्वारा), मुख कैसर परीक्षण (ब्रश साईटोलॉजी), बच्चेदानी के मुँह की कैंसर रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर द्वारा), बीपी, शुगर एवं बीएमआई इत्यादि सेवाएं उपलब्ध होंगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि जिन किसी व्यक्ति या परिवार के सदस्यों में उपरोक्त लक्षण दिखाई दे रहे है वे उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जॉच करायें।

## मामला पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा के अंकसूची का

# अंकसूची में निकली गलतियां, अब तक नहीं हुआ छात्रों को वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची में व्याप्त गलतियों के कारण छात्र छात्राओं को अब तक

### खास बात

- एक माह हो चुका है परिणाम घोषित हुए

अंकसूची का वितरण नहीं हो सका है। जबकि परिणाम को घोषित हुए एक माह का समय बीत चुका है। ऐसे में 16 जून से शुरु हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के समय प्रवेश को लेकर छात्रों व अभिभावकों के सामने तकनीकी समस्या खड़ी हो सकती है। शिक्षा विभाग एक सप्ताह में अंकसूची वितरण की बात कहता है।

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा इस वर्ष केद्रीयकृत परीक्षा के रुप में हुई थी जिनका परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित किए गए थे उसमें भी



फाइल फोटो

अधिकांश निजी स्कूलों तक आठवीं के परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी नहीं पहुंची थी। जिससे आठवीं की परीक्षा परिणाम को लेकर अभिभावकों को इंतजार बना हुआ था। मई महीने के पहले सप्ताह में जब निजी स्कूलों तक परिणाम की घोषणा की जानकारी पहुंची तो तब छात्रों को परिणाम की अधिकृत घोषणा की। उसके बाद से अब तक लगभग एक माह का समय बीत रहा है दोनों ही कक्षाओं के अंकसूची छात्र छात्राओं को अप्राप्त है। जबकि स्कूल शुरु होने को 12 दिन शेष है 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव शुरु हो जाएगी और इस दिन से निजी और शासकीय स्कूलों में प्रवेश का दौर भी शुरु हो जाएगा। अभिभावकों के सामने प्रवेश को लेकर अंकसूची नहीं मिलने के कारण आने वाली तकनीकी समस्या से जूझना पड़ रहा है। कुछ अभिभावक निजी स्कूलों से शासकीय स्कूलों में बच्चों का प्रवेश कराना चाह रहे हैं किंतु शाला प्रवेश उत्सव तक अंक सूची का वितरण हो सकेगा कि नहीं इसको लेकर उनमें अनिश्चिता का माहौल बना हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग का इस संबंध में कहना है कि दोनों बोर्ड परीक्षा की अंकसूची में तमाम तरह की गलती व्याप्त थी जिनके सुधार कार्य को लेकर समय लगने की वजह से अंकसूची के वितरण में विलंब हो रहा है।

### बीते वर्ष भी देर से मिली थी अंकसूची

बीते वर्ष भी पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के अंकसूची का वितरण देर से हुआ था उसे लेकर भी यहीं कारण बताया गया था कि अंकसूची में छात्रों के नाम, पिता का नाम, सरनेम एवं अन्य तकनीकी गलतियां नजर आयी थी। जिनके सुधार का कार्य किये जाने के बाद अंकसूची का वितरण हुआ और 15 जून तक अंकसूची का वितरण होते रहा। बार बार अंकसूची में आ रही तकनीकी गलतियों का सुधार नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बोर्ड परीक्षा होने के कारण दोनों कक्षाओं की अंकसूची महत्वपूर्ण हो गई है।

### एक सप्ताह में होगा वितरण

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के अंकसूची में गलतियां थी जिनके सुधार कार्य में समय लग रहा है। एक सप्ताह के अंदर वितरण कार्य शुरु हो जाएगा। अगर किसी छात्र को जिले से बाहर प्रवेश लेना है तो निजी स्कूल प्रबंधन के पास अंकों की मौजूद सूची के आधार पर प्रमाण पत्र दे सकते हैं जिसे शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सत्यापन कराकर कहीं भी प्रवेश ले सकते हैं।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

# झूठे आश्वासनों से सर्वमंगला क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश



जिला प्रशासन और ग्रामीणों के मध्य बातचीत होती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित ऐतिहासिक प्राचीन रानी गुफा एवं हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार तथा धूल-मिट्टी की सफाई न होने से

### खास बात

- 5 जून को आयोजित सुशासन तिहार का करेंगे विरोध, कलेक्टर व निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और निगम को आंदोलन की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि दो दिवस के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आगामी 5 जून को खैरभवना में आयोजित होने वाले शासकीय सुशासन तिहार का कड़ा विरोध और सामूहिक घेराव किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वे अपनी इस जायज मांग को लेकर लगातार शांतिपूर्ण धरना और आंदोलन करते आ रहे हैं। दो वर्ष पूर्व रेलवे पुल निर्माण की ठेका कंपनी द्वारा क्षेत्र के आस्था के प्रमुख केंद्र रानी गुफा और हनुमान मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया था तत्कालीन पटवारी नम्रता राजवाड़े द्वारा इस स्थल का निरीक्षण कर पंचनामा भी तैयार किया गया था इसके बाद कई तहसीलदारों और तत्कालीन एसडीएम रोहित सिंह ने स्वयं मौके पर आकर जीर्णोद्धार का ठोस आश्वासन दिया था परंतु आज तक धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। विवाद गहराने पर कटघोरा के वर्तमान एसडीएम तनमय खन्ना नहर विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच कटघोरा में बकायदा एक आधिकारिक बैठक भी आयोजित हुई थी इस बैठक में अधिकारियों द्वारा ⏭ शेष पेज 3 पर

# जेबीसीसीआई कमेटी गठन के लिए नहीं तैयार हुई श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सूची : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौते का मियाद 30 जून को खत्म होने जा रहा है और वहीं 12वां

### खास बात

- एक जुलाई से लाग होना है 12वां वेतन समझौता

वेतन मान 1 जुलाई से लागू होना है परंतु अभी भी कोल इंडिया ने 12वां वेतन समझौता को संपन्न कराने के लिए जेबीसीसीआई कमेटी गठन करने के लिए श्रम संगठनों से प्रतिनिधित्व के लिए सूची नहीं मंगाया है जबकि कायदे से हर हाल में कोल इंडिया को कोयला मजदूरों का 12वां वेतनमान के लिए जेबीसीसीआई कमेटी का गठन 30 जून से पहले कर लेना चाहिए अन्यथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड कोल इंडिया को डिफॉल्ट घोषित कर सकती है।



दीपेश मिश्रा।

इस संबंध में इंडियन माइंस वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि कोल इंडिया ने अपना पहला आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) में अपनी कुल चुकता पूंजी का 10 फीसदी हिस्सा बेचा था यह आईपीओ 2010 में आया था जिसके जरिए भारत सरकार ने 63,16,36,440 शेयर बेचकर 15 हजार 200 करोड़ जुटाए थे और और इसके साथ ही 4 नवंबर 2010 को कोल इंडिया भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ, उन्होंने बताया कि भारतीय शेयर बाजार में कोल इंडिया पिछले 15 वर्षों से एक मजबूत ब्रांड बना हुआ है और इसी तरह सेबी भारत में शेयर बाजार और कमोडिटी बाजार को नियंत्रित करने वाली सर्वोच्च संस्था है इस क्रम में जब कोई सूचीबद्ध कंपनी शेयर बाजार में अपनी देनदारियों या कर्ज तय समय पर चुकाने में विफल रहती है तो उस कंपनी को डिफॉल्ट माना जा सकता है यानी कि सेबी द्वारा किसी भी सूचीबद्ध कंपनी को डिफॉल्ट घोषित होने पर कठोर कार्रवाई होती है जैसे कंपनी की ट्रेडिंग को जेड श्रेणी मे डाल देना या निलंबन करना व प्रमोटरों के शेयर ⏭ शेष पेज 3 पर

# मानिकपुर खदान में 8 वर्ष में खत्म हो जाएगा कोयले का भंडार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खदानों में खनन से कोयले का भंडार धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। एसईसीएल की मानिकपुर कोयला

### खास बात

- खदान में 46 मिलियन टन कोयले का भंडार, सालाना 5,2 मिलियन टन हो रहा कोयला खनन

खदान में 46.12 मिलियन टन कोयला स्टॉक मौजूद है। इस भंडार को कंपनी मौजूदा पर्यावरणीय स्वीकृति के आधार पर खोदती है तो इसे 8 साल में यहां कोयले का भंडार खत्म हो जाएगा।

मानिकपर खदान में केंद्र सरकार से मिली अनुमति के अनुसार एसईसीएल प्रबंधन सालाना 5.2



फाइल फोटो

मिलियन टन (52 लाख टन) कोयला बाहर निकाल रही है। यदि इसी आधार पर इस खदान से कोयला खनन होता रहा तो आने वाले 8-9 वर्षों में यहां कोयले का भंडार खत्म हो जाएगा। इसकी जानकारी एसईसीएल की ओर से हाल ही में कोयला मंत्रालय को दी गई है। इस रिपोर्ट में कोरबा जिले में स्थित अन्य कोयला खदानों की स्थिति के संबंध में भी बताया गया है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल प्रबंधन मानिकपुर कोयला खदान का विस्तार भी करने जा रही है। कंपनी की योजना इसके लिए ग्राम भिलाईखुर्द गांव को यहां से हटाने की है। वर्तमान में जिस स्थान पर खनन चल रहा है उसके करीब यह गांव स्थित है। कंपनी की ओर से कोशिश की जा रही है कि समय रहते ग्रामीणों को समझा-बुझाकर यहां से विस्थापित किया जाए ताकि लक्ष्य के अनुसार कोयला खनन को पूरा किया जा सके। मानिकपुर में मौजूद 46.12 मिलियन टन कोयले का भंडार पूर्व में किए गए सर्वे पर आधारित है। यह सर्वे कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी सीएमपीडीआईएल ने किया है। इस खदान के आसपास और कितना भंडार मौजूद है इस संबंध में सीएमपीडीआई जानकारी जुटा रही है। आसपास लगे गांव गोढ़ी सहित अन्य गांवों में ⏭ शेष पेज 3 पर

### 6 मिलियन टन खनन की अनुमति का इंतजार

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मानिकपुर खदान से आने वाले दिनों में कोयला खनन बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई गई है। इस खदान से सालाना उत्पादन 5.25 मिलियन टन से बढ़ाकर 6 मिलियन टन किया जाना है। इससे संबंधित प्रस्ताव को एसईसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने मंजूरी दे दी है और यह प्रस्ताव कोल इंडिया मुख्यालय के जरिए कोयला मंत्रालय तक भेजी गई है। जैसे ही केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनुमति मिलेगी यहां से कोयला खनन भी बढ़ाया जाएगा। विस्तार की योजना आगे बढ़ती है तो मौजूदा भंडार को बाहर निकालने में कंपनी को 7 से 8 वर्ष का ही समय लगेगा।

## 19 नई समितियां बनाई गई है, पुरानी समितियों के गोदामों में जगह का बना हुआ संकट

# गोदाम निर्माण नहीं होने से खाद बीज का भंडारण पंचायत भवन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बनाई गई 19 नई सहकारी समितियों में गोदाम की सुविधा नहीं होने कारण खाद बीज का भंडारण ग्राम पंचायत के भवन में करना पड़ रहा है। पुरानी समितियों में मौजूद गोदाम की क्षमता भी कम होने के कारण वहां भी खाद बीज भंडारण की समस्या बनी हुई है। कई ऐसे समितियां हैं जो पीडीएस दुकान का संचालन भी करती हैं उनके सामने सामग्री और खाद बीज दोनों को रखने की समस्या बनी है।

खाद बीज भंडारण का काम इस समय सभी सहकारी समितियों में



फाइल फोटो

चल रहा है। इनके बीच गोदाम की सुविधा नहीं होने के कारण समिति प्रबंधकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष नहीं सहकारी समिति गठित की गई है। 19 नई सहकारी समितियां इस वर्ष से अस्तित्व में आ गई है, इन समितियों में अब तक किसी तरह के गोदाम भवन नहीं होने कारण खाद बीज का भंडारण के लिए जगह तलाश करना पड़ रहा है। पंचायत भवन में खाद बीज की सामग्री रखे जाने से ग्राम पंचायतों भवन में होने वाले शासकीय कार्य भी बंद पड़े हुए हैं। इसी तरह आदिवासी सेवा सहकारी समिति में गोदाम मौजूद हैं लेकिन उनकी क्षमता इतनी नहीं है कि दो दो समितियों का खाद भंडारण किया जा सके। पंचायत भवन में खाद्य सामग्री के साथ खाद एवं बीज रखने की भी स्थिति निर्मित होने लगी है। कई समितियां ऐसी है जो पीडीएस दुकान का भी संचालन करती है। उनके सामने इस तरह की स्थितियां निर्मित हो रही है।

### पांच वर्ष पूर्व नबार्ड के सहयोग से बने थे 25 गोदाम

पांच वर्ष पूर्व ग्रामीण विकास बैंक (नबार्ड) के सहयोग से 25 सहकारी समितियों में गोदाम का निर्माण किया गया था। उसके बाद वर्ष 2023 में भी कुछ समितियों में गोदाम का निर्माण किये गए लेकिन उनकी क्षमता इतनी नहीं है कि गोदाम में खाद बीज का भंडारण किया जा सके। हालांकि सभी 41 समितियों में गोदाम जरुर बने हैं लेकिन वह भी मरम्मत की बाट जोह रहे हैं।

# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुंटाकुड़ा निवासी प्रेम सिंह राठिया पिता सुखसिंह राठिया ने जमीन बंटवारे को लेकर वर्ष 2025 में प्रार्थी ईतवार सिंह राठिया और उसकी पत्नी जोलकुंवर घर में थे तभी दोपहर करीब 3 बजे के आस-पास उसके छोटे भाई का पुत्र प्रेम सिंह राठिया उसके घर के बाहर आकर दोनों पति-पत्नी को जमीन का बंटवारा दो कहकर गंदी-गंदी गाली देकर दरवाजा को डंडा से पीट रहा था तब प्रार्थी की पत्नी जोलकुंवर पुराना उप सरपंच नजीर सिंह को बुलाकर लाती हूं कहकर उसके घर चली गई। कुछ देर बाद हैंडपंप के पास से जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर प्रार्थी घर के पास पहुंचा तो उसने देखा कि जोल कुंवर की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्रेमसिंह राठिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में हुई और आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास व 5 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की।

## खबर संक्षेप

### आज कहीं-कहीं वज्रपात अंधड़-बारिश की संभावना



**बिलासपुर।** मौसम विभाग द्वारा गुरूवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश व अंधड़ चलने व कहीं-कहीं वज्रपात होने की संभावना भी जाहिर की गई है। बुधवार को पूरे दिन शहर में तेज धूप खिली रही, लेकिन समय-समय पर आसमान में छाई बदली से आंशिक राहत भी मिलती रही। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के अगले चौबीस घंटों में आगे बढ़कर विस्तारित होने की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा ऊपरी हवा का चक्रीय परिसंचरण उत्तर पूर्व उत्तरप्रदेश व उसके आसपास डेढ़ किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित होने की बात कही गई है। छत्तीसगढ़ में अगले चौबीस घंटों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा कहीं-कहीं वज्रपात होने की संभावना भी जाहिर की गई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान में कहीं हल्का उतार-चढ़ाव होने, लेकिन कोई खास बदलाव नहीं होने की बात कही गई है। बुधवार को शहर का मौसम पूरे दिन तेज धूप वाला रहा। इस दौरान कुछ समय के लिए आसमान पर बदली भी छाती रही। गर्मी ने पूरे दिन लोगों को परेशान किया, लेकिन बिजली की आंखमिचौली से गर्मी का प्रभाव और अधिक बढ़ गया। शहर में कई स्थानों पर लगातार बिजली सप्लाई बाधित की गई।

### फरार आरोपियों की सूचना देने पर मिलेगा ईनाम

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के थाना रतनपुर में दर्ज अपराध के आरोपी हिर्री थाना मस्तूरी निवासी शिवचरण केंवट पिता जग्गू केंवट उम्र 24 वर्ष एवं शिवा उर्फ पप्पू केंवट उम्र 23 वर्ष के संबंध में सूचना देने वाले को 5 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बिलासपुर, पुलिस नियंत्रण कक्ष बिलासपुर,थाना प्रभारी रतनपुर को सूचना दे सकते है।

### पीएम बाल पुरस्कार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों और युवाओं को दिया जाता है जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति तथा नवाचार जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला हो। पुरस्कार के लिए आवेदक की आयु 31 जुलाई 2026 तक 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही आवेदक भारतीय नागरिक हो व भारत में निवास करता हो। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

### पति नहीं ले गया मायके तो पत्नी ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पति द्वारा झाड़ फूंक कराने के लिए मायके नहीं ले जाने से नाराज हुई पत्नी ने कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी गुड्डी बाई पति भुनेश्वर प्रसाद (47 वर्ष ) दिमागी हालत ठीक नहीं होने तथा अस्वस्थ्य रहने पर परिजन घरेलू उपचार के साथ झाड़ फूंक करा रहे थे। 26 मई की सुबह पति काम पर चला गया जबकि पत्नी कमरे में सो रही थी। काफी देर बाद भी नहीं उठी तो परिवार के लोगों ने भुनेश्वर को जानकारी दी। जब पति कमरे में पत्नी को उठाने गया तो देखा वह कांप नहीं है वहीं पास ही कीटनाशक का डिब्बा देख कीटनाशक पी लेने की आशंका पर तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# बांध के लिए जमीन दी, 14 साल से मुआवजे के लिए भटक रहे 40 आदिवासी

**सीपत तहसील के पोंड़ी गांव का मामला** — कलेक्टर बोले- प्रकरण मेरी जानकारी में, जल्द मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी में बांधा जलाशय के चौड़ीकरण के नाम पर सिंचाई विभाग द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण को आज 14 साल बीच चुके हैं, लेकिन प्रभावित 40 आदिवासी किसानों को आज तक मुआवजे की राशि नहीं मिल सकी है। कलेक्टर ने किसानों से प्रकरण को अपनी जानकारी में होने व जल्द ही मुआवजा राशि के भुगतान की बात कही है।

अलग खबर



सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के अंतर्गत सीपत तहसील के पोंड़ी गांव में 14 साल पहले गांव के ही बांधा जलाशय का चौड़ीकरण किया गया था। उस दौरान गांव के चालीस आदिवासी किसानों की निजी भूमि अधिग्रहित की गई थी। भूमि अधिग्रहण के बाद विधिवत मुआवजा भुगतान नहीं होने से परेशान किसानों ने विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाना शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इन चौदह वर्षों में सिंचाई विभाग, एसडीएम कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय के दर्जनों बार चक्कर लगाए हैं। हर बार इन्हें जल्द भुगतान का आश्वासन देकर विदा कर दिया जाता था। इस बार भी इसी आस में उन्होंने बड़ी संख्या में आकर कलेक्टर से मुलाकात कर मुआवजा भुगतान की मांग की थी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रकरण को अपनी जानकारी में होने एवं जल्द ही सारे किसानों को मुआवजा भुगतान कर देने की बात कही है।

**इसलिए हुई देरी**

भूमि अधिग्रहण होने के बाद मुआवजा राशि भुगतान होने में चौदह साल लग जाने के संबंध में सिंचाई विभाग का कहना है कि योजना में प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। काफी समय के बाद बाद प्रशासकीय स्वीकृति मिली व राशि प्राप्त हुई। राशि जमा की जा चुकी है, जिसके बाद सारे किसानों का अवार्ड होना है। पूरी संभावना है कि सारे किसानों से भूमि की रजिस्ट्री करवाकर भुगतान जल्द ही हो जाएगा।

**इसी महीने मिल जाएगा मुआवजा**

इनका मुआवजा प्रकरण बन चुका है। हमने राशि भी जमा कर दी है। कलेक्टर का हस्ताक्षर होना है। इसके बाद भुगतान हो जाएगा। पूरा प्रयास है कि जून महीने में ही सभी किसानों का भुगतान हो जाए।

- **एमके चंद्रा**, ईई खारंग डिवीजन

## मंत्री बंगले का घेराव : पुलिस की बस के ऊपर चढ़ गए भिलाई विधायक, लाठीचार्ज में कई घायल

# एनएसयूआई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मचाया हंगामा, पुलिस ने भांजी लाठी



**पुलिस ने घसीटा, यादव का फटा कुर्ता**
**लाठीचार्ज में दर्जनों कांग्रेसी घायल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नीट पेपर लीक मामले में एनएसयूआई द्वारा बुधवार को बिलासपुर में बिलासपुर सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के बंगला का घेराव करने के बाद नेहरू चौक पर अनियंत्रित भीड़ और पुलिस के बीच भिड़ंत हो गई, हंगामा मचा रहे एनएसयूआई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस नेताओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जमकर लाठी भांजी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज में दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस का विरोध कर रहे भिलाई विधायक देवेंद्र यादव बस के ऊपर चढ़ गए, पुलिस से हुई झूमाझटकी में उनका कुर्ता फंस गया। आंदोलन कर रहे लगभग एक दर्जन लोगों को पकड़कर पुलिस कोनी थाना ले गई।

नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को मंत्री बंगले के घेराव की घोषणा की थी। इसे देखते हुए पुलिस ने मंत्री बंगले के अलावा आसपास के इलाके नेहरू चौक और कलेक्टोरेट रोड पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की थी। निर्धारित समय पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे की अगुवाई में नेहरू चौक पर सभा आयोजित की गई, इसके बाद एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की भीड़ ने मंत्री बंगला की ओर कूच किया, बंगले को टीन की ऊंची दीवार से घेर दिया गया था, वहां बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल भी तैनात था। मंत्री बंगले के पास आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई, कुछ लोग स्टॉपर के ऊपर चढ़कर बेरिकेड को पार करने का प्रयास करने लगे, जिसे रोकने के लिए पुलिस द्वारा वॉटर केनन से पानी की बौछार की गई। पानी की बौछार से कई प्रदर्शनकारी बेरिकेड से नीचे गिर गए। यहां तक भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव भी पानी की बौछार झेल नहीं पाए और बेरीकेड से नीचे गिर गए और उनका कुर्ता भी फट गया। इसके बाद पुलिस के अधिकारियों और एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, पुलिस के जवानों ने भी भीड़ को हटाने का प्रयास किया। यह आंदोलन करीब घंटेभर चला और इस दौरान आधी भीड़ वहां से जा चुकी थी। शाम करीब 7 बजे अचानक भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव अपने साथ प्रदर्शनकारियों की भीड़ लेकर कलेक्टोरेट की ओर आगे बढ़ने लगे, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोका। इससे नाराज होकर कांग्रेस नेता नेहरू चौक पर धरना में बैठ गए और शहर के मुख्य चौराहे का यातायात ठप हो गया, आम लोगों की समस्या देखते हुए पुलिस उन्हें उठाने का प्रयास करने लगी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस बीच पुलिसवाले कुछ प्रदर्शनकारियों को उठाकर बस में बैठाने लगे। इस पर देवेन्द्र यादव पुलिस की बस के ऊपर चढ़कर प्रदर्शनकारियों को उत्साहित करने लगे। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए जमकर लाठी भांजी, इससे चौराहे पर भगदड़ मच गई। लाठी की मार से बचने के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ता, कांग्रेस नेता इधर उधर भागने लगे। लाठीचार्ज में कई एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता घायल हो गए। इस बीच पुलिस ने लगभग एक दर्जन लोगों को पकड़ लिया, सभी को कोनी थाने ले जाया गया है। देर रात तक उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती रही।

**सभा में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से मांगा इस्तीफा**

- एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। वहीं सभा को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि यह छोटी लड़ाई नहीं है बल्कि देश के भविष्य को बचाने की लड़ाई है और शिक्षा माफियाओं के खिलाफ लड़ाई है।
- एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि एनएसयूआई नीट मामले पूरे देशभर में आंदोलन कर रही है। इसी कड़ी में आज बिलासपुर की धरती में राष्ट्रीय अध्यक्ष के उपस्थिति में यह आंदोलन होने जा रहा है, जिसमें एक आवाज एक ताकत उठनी चाहिए जिससे केन्द्रीय मंत्री को इस्तीफा देना पड़े।
- कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि ये सरकार विश्वविद्यालयों में आरएसएस के लोगों को वाइस चांसलर बना रही है और महाविद्यालयों में आरएसएस के लोगों को भर्ती कर रहे हैं ताकि विचारधारा को बदला जा सकें। इसके खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करना है।
- भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि नीट एग्जाम में जो धांधली हुई है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया है, उसके खिलाफ एनएसयूआई मजबूती से आवाज उठा रही है, इसलिए पूरी ताकत से बेरिकेड को पार करके उस पार जाना है और प्रशासन को दिखाना है कि छात्रों के साथ सरकार को अन्याय हम करने नहीं देंगे।

### देवेन्द्र को बस में ले गई पुलिस

आंदोलन समाप्ति की ओर था और आंदोलन में शामिल कई नेता वहां से जा चुके थे, किन्तु भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव पुलिस बस के ऊपर चढ़कर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ को उकसाने लगे। इस पर तुरंत कुछ पुलिस वाले भी बस के ऊपर चढ़ गए और देवेन्द्र यादव को नीचे उतारने लगे। पुलिस द्वारा देवेन्द्र यादव सहित कुछ और प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वहां से ले गए और पुलिस द्वारा बल प्रयोग करते हुए लाठी चलाने के बाद ही वहां से प्रदर्शनकारियों की भीड़ तितर-बितर हुई और उनका आंदोलन समाप्त हुआ।

**तीन स्टेप पर लगाए गए थे बेरिकेड**

बिलासपुर सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री के बंगला घेराव के पहले नेहरू चौक पर सभा हुई। उसके बाद बड़ी संख्या में एनएसयूआई



समेत युवा कांग्रेस और कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ मंत्री के बंगला की ओर कूच किया। भीड़ को रोकने के लिए नेहरू चौक के पहले स्टॉपर से बेरिकेड लगाया गया था, जिसे पार करके भीड़ आगे बढ़ गई, किन्तु मंत्री के बंगला के पहले टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर दी गई थी और पहले बेरिकेड एवं टीन की दीवार के बीच एक और बेरिकेड लगाया गया था, जहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे।

### विधायक, पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता रहे आंदोलन में शामिल

नीट पेपर लीक मुद्दे को लेकर एनएसयूआई के इस आंदोलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सहित भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रमोद नायक, जावेद मेमन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, लक्की मिश्रा, रंजनेश सिंह, अर्पित केशरवानी, विकास सिंह, तनमीत छाबड़ा सहित एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री लेंगे पांच जिलों की रिव्यू मीटिंग आज

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार के तहत गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री कलेक्टोरेट स्थित मंथन सभाकक्ष में बिलासपुर समेत पांच जिलों के अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग लेंगे, जिसकी तैयारी में आज पूरा प्रशासनिक अमला लगा रहा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बिलासपुर आगमन को लेकर इंतजार अब समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री का सुशासन तिहार तहत गुरुवार को दौरा होने जा रहा है, जिसके तैयारी की सूचना ऊपर से मिल गई है। इसलिए आज प्रशासन का पूरा अमला मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारी में जुटा रहा। मुख्यमंत्री श्री साय शाम करीब 4 बजे हेलीकाप्टर से आएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमूनगर बंधवा तालाब स्थित ईशिका पार्क में सुशासन शिविर में शामिल होकर जनता से रूबरू होंगे। इसी शिविर में मुख्यमंत्री विभिन्न विकास, निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय दयालबंद मधुबन में भी निरीक्षण करने जाएंगे जहां पर एजुकेशन हब बनाने का कार्य चल रहा है। इन दोनों जगह के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री का काफिला कलेक्टोरेट पहुंचेगा, जहां मंथन सभाकक्ष में मुख्यमंत्री रिव्यू मीटिंग लेंगे।

- सुशासन तिहार तहत मुख्यमंत्री का बिलासपुर दौरा

**ये पांच जिले के अधिकारी होंगे शामिल**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर कलेक्ट्रेट में शाम को पांच जिलों के अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग लेंगे। इसमें बिलासपुर जिला सहित जीपीएम, मुंगेली, सक्ती व सारंगढ़-गडंई जिला के विभिन्न शासकीय विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री इन जिलों में शासकीय विभिन्न योजनाओं के कामकाज की समीक्षा करेंगे।

### तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त, गुरूवार से काम लौटेंगे

**बिलासपुर।** पिछले चार दिनों से चल रही नायब तहसीलदार व तहसीलदारों की हड़ताल समाप्त हो चुकी है। गुरूवार से सारे अधिकारी अपने-अपने कार्यस्थल पर लौट जाएंगे। बुधवार को संघ के पदाधिकारियों की शासन स्तर पर हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है।

नायब तहसीलदार के साथ सीतापुर विधायक द्वारा की गई मारपीट के बाद विधायक के खिलाफ थाने अपराध दर्ज होने व गिरफ्तारी की मांग को लेकन प्रदेश के सभी पांच सौ नायब तहसीलदारों व तहसीलदारों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। इसके तहत जिले के भी 37 अधिकारी इस हड़ताल में शामिल थे। हड़ताल को लगातार न केवल विभिन्न संगठनों का समर्थन मिल रहा था, बल्कि वे भी हड़ताल में शामिल होते जा रहे थे। इसके तहत पटवारी और राजस्व निरीक्षकों ने भी हड़ताल में शामिल होने की सहमति दे दी थी। इस मामले में बुधवार को शासन स्तर पर कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के पदाधिकारियों की चर्चा में संबंधितों की जल्द गिरफ्तारी व कार्रवाई के आश्वासन के बाद कनिष्ठ अधिकारी संघ ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है। इस दौरान संघ ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पंद्रह दिवस के भीतर संबंधितों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में संघ पुनः आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगा।

- शासन से सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया निर्णय

# फिर सक्रिय हुआ विक्षोभ, फिलहाल अंधड़-बारिश से नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार चल रहे अंधड़ एवं बारिश से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है। पूर्व में सक्रिय

- बारिश के कारण नौतपा के आखिरी चार दिन रहे बेअसर
- अब तक 137 मिमी वर्षा, उमस से हलाकान लोग

पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म नहीं हुआ है और उत्तर भारत में एक नया विक्षोभ प्रभावी हो गया है। विक्षोभ के साथ ही देश के अलग-अलग क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका प्रभावी है जिसके कारण आगामी दिनों में भी तेज गरज-चमक होने एवं अंधड़ के साथ बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।

इस बार मौसम चक्र में व्यापक बदलाव आया है। पछुआ विक्षोभ एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से इस बार मई में सामान्य गर्मी पड़ी तथा मध्य मई के बाद से ही अंधड़-पानी का क्रम शुरू हो गया था जो अब तक जारी है। नौतपा में हर साल भीषण गर्मी पड़ती है लेकिन इस बार नौतपा में चार दिन ही मौसम शुष्क रहा। नौतपा में कई बार तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुंच जाता है। प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी भी पड़ी लेकिन इस गर्मी का प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ तक नहीं पहुंच पाया। नौतपा में 4 दिन ही गर्मी पड़ी तथा अधिकतम तापमान 43 डिग्री को भी नहीं छू सका तथा दिन का तापमान 42.8 डिग्री तक ही सीमित रहा। हालांकि गर्म हवाएं चलने के कारण क्षेत्रवासी इस गर्मी में भी स्वयं को बेहाल महसूस कर रहे हैं। मानसून की दस्तक के पूर्व सरगुजा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ती है तथा मानसून के केरल तट पर दस्तक देने पूर्व ही मानसून पूर्व की गतिविधियां प्रारंभ हो जाती है। इस बार गर्मी शुरू होने के बाद बेहद कम



**15 जून तक पहुंचेगा मानसून**

इस बार केरल तट पर चार दिन विलम्ब से 4 जून को मानसून दस्तक देगा। मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए मानसून के 15 जून के आसपास सरगुजा में दस्तक देने की संभावना जताई जा रही है। मानसून के समय पर पहुंचने के लिए अरब सागर अथवा खाड़ी में लो-प्रेशर या चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता को भी आवश्यक माना जा रहा है।

वर्षा हुई। अप्रैल में छिटपुट वर्षा हुई थी लेकिन मई में प्रायः हर सप्ताह अच्छी वर्षा होती रही तथा गर्मी अपना असर नहीं दिखा सकी। नौतपा के अखिरी चार दिनों में लगातार अच्छी वर्षा हुई तथा पूरे सरगुजा संभाग में वर्षा प्रभावी रही। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभाव से आगे भी मौसम के इसी तरह बने रहने एवं दोपहर तक धूप निकलने एवं अपराह्न में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने एवं अंधड़ व गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण आगामी दिनों में भी दोपहर बार स्थानीय प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**लगातार बदल रही हवा की दिशा**

मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान दक्षिण केरल तट से दूर अरब सागर के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है वहीं उत्तर पूर्वी एवं उससे सटे पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। असम के मध्य भाग के ऊपर पूर्वी मध्यप्रदेश व उससे सटे छत्तीसगढ़ के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर से उत्तर पूर्वी तमिलनाडु तक विदर्भ, तेलंगाना एवं रायलसीमा से होते हुए फैला है। उत्तर पश्चिम यूपी एवं आसपास के क्षेत्रों व उत्तर पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक परिसंचरण सक्रिय है वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में विक्षोभ प्रभावी है। एक साथ आधा दर्जन चक्रवाती परिसंचरणों के प्रभाव से लगातार हवा की दिशा बदल रही है। सुबह उत्तर-पूर्व की नमीयुक्त जबकि शाम में दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम की गर्म हवा चल रही है। मौसम विज्ञानी 6 जून को चक्रवाती परिसंचरणों के कमजोर पड़ने के बाद हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना जता रहे है। मौसम विज्ञानी 6 जून के बाद तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**अघोषित विद्युत कटौती बनी चुनौती**

वर्तमान में आए दिन हो रही अघोषित विद्युत कटौती जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अपराह्न में गरज-चमक एवं बारिश शुरू होते ही पूरे शहर की बिजली गुल हो जा रही है। घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग व्यवस्था सुधारने की कोशिशें नहीं कर रहा है। बुधवार को अपराह्न 4 बजे गरज-चमक के साथ वर्षा हुई इस दौरान शाम 4 बजे से 6.45 तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। शाम 5.30 बजे 10 मिनट तक विद्युत आपूर्ति सुचारू रहने के बाद दोबारा 7.45 बजे तक गुल रही। मंगलवार को भी हल्की बारिश होने के दौरान शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक पूरे शहर की आपूर्ति ठप रही।

**सिस्टम के प्रभाव से बारिश**

अलग-अलग क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव आया है तथा लगातार बारिश हो रही है। इसी के प्रभाव से हवा की दिशा भी बदल रही है। चक्रवाती परिसंचरण के कमजोर पड़ने के बाद अंधड़-बारिश में कमी आने की संभावना है।

-**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

## खबर संक्षेप

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** फोटो व वीडियो को वायरल कर जान से मारने की धमकी देकर नाबालिक से दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रा का है। मिली जानकारी के अनुसार पथर्रा निवासी आनंद कुमार चौहान उम्र 19 वर्ष द्वारा पीड़िता के फोटो वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देकर जबरन अनाचार किया तथा 19 मई की रात्रि में फरार आरोपी, अपने दोस्त आनंद चौहान के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और उनको बुलाने लगा, जब पीड़िता बाहर आई मना की तो तो उसके साथ मुख्य फरार आरोपी मारपीट कर वहा से भाग गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 64(2),3(5) बीएनएस पास्को एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### बगैर बिल के खाद बिक्री 360 बोरी उर्वरक जब्त

**जांजगीर-चांपा।** बगैर बिल के खाद विक्रय एवं बिना रजिस्टर पास मशीन के खाद बिक्री मामले में 360 बोरी उर्वरक जब्त किया गया है। वहीं गोदाम को सील किया गया।

उप संचालक कृषि को मिली सूचना के आधार पर शिकायत की जांच हेतु विकासखण्ड अकलतरा के उर्वरक निरीक्षक दल को बुधवार 3 जून को मेसर्स ज्ञानेश्वर कृषि केन्द्र, ग्राम सोनडीह विकासखण्ड अकलतरा में औचक निरीक्षण करने हेतु भेजा गया। निरीक्षण के दौरान उक्त कृषि केन्द्र द्वारा बिना रजिस्टर एवं पॉस मशीन एवं बिना बिल के खाद विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर तत्काल कारवाई करते हुए निरीक्षक दल के सदस्यों ए.के.जाटव प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, उर्वरक निरीक्षक पी.आर. काटले एवं विकास मिश्रा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा मेसर्स ज्ञानेश्वर कृषि केन्द्र, ग्राम सोनडीह, विकासखण्ड अकलतरा के यहां उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत 360 बोरी जिंकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक पर जब्ती की कारवाई करते हुये उर्वरक प्रतिष्ठान के गोदाम को सीलबंद किया गया। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा का कहना है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर आगे भी कठोर कारवाई की जावेगी।

### तांदुलडीह दोहरा हत्याकांड : मां व दो बहन समेत भाई को उम्र कैद

**सक्ती।** सक्ती जिले के बाराद्वार थाना अंतगत तांदुलडीह गांव में पूजा पाठ के फेर में दो भाईयों की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी मां व दो बहन के साथ एक और भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 अक्टूबर 2024 को डायल 112 की टीम को तांदुलडीह में फिरीतबाई के घर में पूजा पाठ के दौरान दो सदस्यों के मूर्छित होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां घर रका दरवाजा बंद था, भीतर पूजा पाठ करने की आवाजें आ रही थी। बहुत देर तक दरवाजा नहीं खुला। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खुला तो भीतर अमरिका बाई कुर्सी पर बैठी हुई थी। जमीन में फिरीत बाई, विशाल और चंद्रिका बैठे हुए थे, जो गुरूजी का नाम जाप करके पूजा पाठ कर रहे थे। अंदर कमरे मे दो लड़के विक्रम और विक्की गोड़ बिस्तर पर मृत पड़े थे। पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरबा वनमंडल...

की टीम जंगलों में पहुंचेगी और जिन इलाकों को सीड बाल के लिए चिन्हित किया गया है उस क्षेत्र में पहुंचकर विभिन्न प्रजाति के सीड बाल को पहाड़ी के उपर से गिराया जाएगा और बारिश में इसमें से नए पौधे निकलेंगे। उसके बाद पौधे धीरे धीरे पहाड़ में तैयार होंगे और वृक्ष का रूप ले लेगें।

### झूठे आश्वासन...

जल्द ही समस्या के स्थायी निराकरण का भरोसा दिलाए जाने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित किया था इसके बावजूद प्रशासन उदासीन बना रहा पुनः आंदोलन किए जाने पर एसईसीएल कुसमुंडा के अधिकारियों सर्वमंगला चौकी प्रभारी और स्थानीय पार्षद द्वारा एक सप्ताह के भीतर सड़क से धूल-मिट्टी की सफाई और पानी टैंकरों से छिड़काव करने का बाकायदा लिखित आश्वासन पत्र दिया गया था लेकिन वह वादा भी आज पर्यंत तक खोखला साबित हुआ।

### जेबीसीसीआई...

को फ्रिज करना तथा भारी आर्थिक जुर्माना और अंततः उस कंपनी को अनिवार्य रूप से डीलिस्टिंग की प्रक्रिया भी की जा सकती है इस संबंध मे दीपेश मिश्रा ने अंत में कहा कि कोल इंडिया जो कि एक प्रतिष्ठित कंपनी है उसको अपनी साख बचाने के लिए हर हाल में 30 जून से पहले जेबीसीसीआई कमेटी का गठन कर लेना चाहिए ताकि कोयला मजदूरों का 12 वेतन समझौता जल्द से जल्द संपन्न हो और कोल इंडिया भी अपने लायबिलिटीस से मुक्त हो सके।

### मानिकपुर खदान...

सीएमपीडीआई की मशीनें सर्वे कर रही है। उरगा बायपास रोड पर भी यह सर्वे का काम चल रहा है। गांव दादर से सटे ढेलवाडीह में सीएमपीडीआई ने सर्वे किया है। लेकिन अभी तक इन क्षेत्रों में कोयले का कितना भंडार मिला है इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अगर इस क्षेत्र में कोयले का और भंडार मिलता है तो इससे खदान को और आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

आयुक्त ने निगम के वार्ड प्रभारियों व जोनल नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उनके दायित्वों पर दिया मार्गदर्शन

# वार्डों में स्वच्छता व पेयजल सहित निगम के समस्त कार्यों का निरीक्षण करेंगे वार्ड प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सभी 67 वार्डों में नियुक्त किये गये वार्ड प्रभारियों को निर्देश देते हुये कहा कि निगम के समस्त कार्यो व व्यवस्थाओं, वार्डो की समस्याओं व जरूरतों आदि से जुडे.सभी कार्यो में कसावट लाने हेतु आप सबको वार्ड का प्रभारी नियुक्त किया गया है, अतः सौपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक व पूरी गंभीरता के साथ निर्वहन करें, प्रतिदिन वार्डो का भ्रमण करे, वार्डो में चल रहे कार्यो, व्यवस्थाओं व वहां की समस्याओं का निरीक्षण करें तथा निरीक्षण प्रतिवेदन अपने जोन कमिश्नर व अपर आयुक्त के माध्यम से मुझे प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि इसे अत्यंत गंभीरता से लें, इस दिशा में लापरवाही व उदासीनता परिलक्षित होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत दिनों ली गई विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों के तहत निगम के सभी वार्डो में वार्ड प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा की गई है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के सभाकक्ष में समस्त वार्ड प्रभारियों व जोनल के नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होने वार्ड प्रभारियों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी प्रतिदिन अपने वार्ड में निरीक्षण करेंगे तथा वहां की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली, उद्यान, अतिक्रमण, सी.एण्ड डी.वेस्ट, अवैध कब्जे सहित वार्ड की अन्य व्यवस्थाओं व समस्याओं के निरीक्षण के साथ-साथ वार्ड में चल रहे विकास व निर्माण कार्य आदि का भी जायजा लेंगे, इसके साथ ही वार्ड के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किये जा रहे आवासगृहों की जानकारी प्राप्त करेंगे, यदि हितग्राही द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किये गये हैं, तो उनकी क्या समस्या हैं आदि की जानकारी लेंगे। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ पात्र वेंडर्स को मिल रहा है या नहीं, इसे भी रिपोर्ट में शामिल करेंगे, साथ-साथ वार्डो में स्थित निगम की सम्पत्तियों, भवनों, सामुदायिक भवनों, आदि का भी निरीक्षण करेंगे, वार्ड में राजस्व वसूली की वर्तमान स्थिति एवं राजस्व वसूली बढ़ाने संबंधी अपने सुझावों को रिपोर्ट में शामिल करते हुये अपना प्रतिवेदन जोन कमिश्नर को भेंजेंगे, जोन कमिश्नर उक्त रिपोर्ट को अपर आयुक्त को भेंजेगे तथा अपर आयुक्त रिपोर्ट एक्जाई कर मेरे समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अनवरत रूप से जारी रहेंगी तथा प्रत्येक वार्ड प्रभारी इसे पूरी गंभीरता के साथ संपादित करायेंगे, इस दिशा में की गई लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी।

# अघोषित बिजली कटौती से बालकोवासी हलाकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उमस भरी गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती ने उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ा दी हैं। बिजली कब आएगी और कब ट्रिप कर जाएगी, इसकी कोई निश्चितता नहीं रह गई है। लगातार हो रही कटौती से परेशान उपभोक्ता मनमानी बिजली कटौती बंद कराने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी शिकायतों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिजली संकट से हर वर्ग की चिंता बढ़ गई है। उमस भरी गर्मी के बीच बेहिसाब बिजली कटौती हो रही है।

मनमानी कटौती का असर दुकानदारों और छोटे कारोबारियों पर भी पड़ रहा है। हल्की तेज हवा चलते ही घंटों के लिए बिजली गुल हो जा रही है। लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। दिन में तो लोग किसी तरह समय व्यतीत कर लेते हैं लेकिन रात्रि में बिजली जाते ही उमस भरी गर्मी से व्याकुल होकर घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो जाते हैं। पुरुष किसी तरह बाहर समय बिता लेते हैं लेकिन छोटे बच्चों, वृद्धों और महिलाओं की परेशानी काफी बढ़ जाती है। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा फोन करने पर कोई जवाब नहीं दिया जाता। अघोषित बिजली कटौती से लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया है। रात में पर्याप्त नींद न होने से लोगों के स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। उपभोक्ता लगातार अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे बिजली विभाग के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। विद्युत विभाग अक्सर फाल्ट का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आ रहा है। बेचैन कर देने वाली गर्मी के बीच घंटों तक बिजली गुल रहना उपभोक्ताओं के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है।

# कटघोरा पसान मार्ग का होगा नवनिर्माण कटघोरा में बनेगा सौ बिस्तर का अस्पताल


भूमिपूजन करते प्रभारी मंत्री अरुण साव व उद्योग मंत्री लखनलाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रभारी मंत्री अरुण साव ने सुशासन तिहार के अवसर पर अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान कटघोरा पसान मार्ग के नवनिर्माण के कार्य का भूमिपूजन किया गया। 85 करोड से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह कटघोरा क्षेत्र में सौ बिस्तर अस्पताल की सौगात दी है। प्रभारी मंत्री के द्वारा 159 करोड़ 63 लाख 14 हजार रुपये की लागत के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। इनमें 153 करोड़ 66 लाख 61 हजार रुपये के 8 कार्यों का भूमिपूजन तथा 5 करोड़ 96 लाख 53 हजार रुपये के 10 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

कोरबा रिंग रोड से मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग 55 करोड़ 9 लाख 55 हजार रुपये, कोटमी-पसान-जटगा कटघोरा मार्ग 50.60 किलोमीटर निर्माण 85 करोड़ 81 लाख 90 हजार रुपये, सीएसईबी चौक से जैन चौक-आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक गौरव पथ 36 करोड़ 54 लाख 80 हजार रुपये तथा कटघोरा में सौ बिस्तर सिविल अस्पताल निर्माण 18 करोड़ 7 लाख 58 हजार रुपये) शामिल हैं। इसके अलावा लोकार्पण कार्यों के अंतर्गत ग्राम नूनेरा में जिला खनिज न्यास मद से 11.84 लाख रुपये की लागत से निर्मित 50 बिस्तरीय कन्या छात्रावास में आई टाइप गार्ड रूम, बोरिंग एवं पंप स्थापना तथा शौचालय कक्ष का निर्माण, जमा मद से मुड़ापार ईडीयू में 66.95 लाख रुपये की लागत से शासकीय हाई स्कूल भवन, नूनेरा में 16.24 लाख रुपये की लागत से 50 बिस्तरीय कन्या छात्रावास में अधीक्षक आवास किचन सह भंडार कक्ष सह अहाता, 20.70 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष, लाफा, अजगरबहार एवं फरसवानी पंचायत में प्रत्येक में 48.41 लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के आवासीय भवन, 210.83 लाख रुपये की जवाली नल जल प्रदाय योजना, 45.98 लाख रुपये की जटांगपुर नलजल प्रदाय योजना तथा 78.76 लाख रुपये की मदनपुर नलजल प्रदाय योजना का लोकार्पण किया गया। वहीं शिलान्यास कार्यों में सीएसआर मद से बंचर से जटांगपुर सड़क निर्माण (1.30 किलोमीटर, 109.12 लाख रुपये), राज्य मार्गों पर जंक्शन सुधार एवं कैश बैरियर कार्य (441.10 लाख रुपये), सलिहाभाठा से पुरेनाखार पहुंच मार्ग (64.96 लाख रुपये), उप संचालक कृषि भवन (147.60 लाख रुपये) है।

# बरपाली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सुशासन तिहार में उपस्थित अतिथिगण।

विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरपाली के शाला भवन परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बरपाली, मदनपुर, जिलगा, चचिया, कूदमुरा, तौलीपाली, बासीन, कोलगा, सोलवा एवं कटकोना सहित कुल 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश कुमार निर्मलकर ने सुशासन तिहार के उद्देश्यों, राज्य शासन की मंशा संवाद से समाधान तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। शिविर में प्राप्त कुल 710 आवेदनों में से विभिन्न विभागों द्वारा 107 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। वहीं शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया भी संबंधित विभागों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, बिहान समूह की दीदियों को लखपति दीदी सम्मान पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवदंपति नई पहल किट, टीबी मरीजों को पोषण किट, टीबी मुक्त ग्राम कूदमुरा को स्मृति चिन्ह, आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी एवं श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त हितग्राहियों को आवास की चाबी, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-01 श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद पंचायत कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती राठिया, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर, विभिन्न पंचायतों के सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कोटमेर में सुनी गई ग्रामीणों की समस्या

शिविर में कुल 759 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 200 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का परीक्षण उपरांत निराकृत किया जाएगा। शिविर में कई विभागों से हितग्राहियों को अतिथियों के द्वारा सामग्रियों एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत डोंगाआमा, कोटमेर, मदवानी एवं नोनबिर्रा को टी.बी. मुक्त ग्राम घोषित करने पर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट किए। शिविर में 15 हितग्राहियों को राशनकार्ड, प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 हितग्राहियों को आवास की चाबियाँ सौंपी गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को फूड बास्केट वितरण किया गया।

# विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहसीलदार बैठे धरने पर


धरना प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तहसीलदार के साथ विधायक के द्वारा मारपीट किए जाने के मुद्दे को लेकर राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा पिछल एक सप्ताह से जारी प्रदेशव्यापी हड़ताल की कड़ी में बुधवार को जिले के तहसीलदार संघ के बैनरतले आईटीआई तानसेन चौक में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।

जिले में राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष तहसीलदार केके लहरे के नेतृत्व में सभी 12 तहसीलों के तहसीलदार बुधवार को आईटीआई तानसेन चौक में सुबह 11 बजे से धरने की शुरुआत की। तीन बजे के बाद ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त किया। संघ के अध्यक्ष श्री लहरे ने कहा कि प्रदेश संगठन के आहवान पर तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। जो विधायक की गिफ्तारी तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से हड़ताल की जा रही है। ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी संघ के द्वारा भी राजपत्रित संघ के समर्थन में विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा था। हड़ताल से तहसील कार्यालय के कामकाज ठप्प पड़े हुए हैं विशेषकर जाति निवास के प्रमाण पत्र को लेकर छात्र छात्राएं भटक रहे हैं।

# ओवरस्पीडिंग व नशे में वाहन चलाने वालों पर अभियान चलाकर करें कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा यातायात नियमों के बेहतर पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री दुदावत ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा के सभी पहलुओं पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना नियंत्रण के लिए विभागीय समन्वय, सतत निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु किए जाने वाले सुधारात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर आवागमन को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए झाड़ियों की नियमित सफाई, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, क्षतिग्रस्त एवं निम्न स्तर के रोड शोल्डर की मरम्मत, रेडियमयुक्त चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप निर्माण तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आयुक्त ने आदेश जारी कर तिथिवार शिविरों के आयोजन हेतु सौपे दायित्व

**कोरबा।** निगम के सभी 7 जोन कार्यालयों में क्रमशः निर्धारित तिथियों में पीएम स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जायेगा, प्रत्येक जोन में यह आयोजन 2 दिवसों में आयोजित होगा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस हेतु आदेश जारी कर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा को नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता तपन योगी तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने के निर्देश दिये हैं।

### आम सूचना

सूचनाकर्ता :- जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम मुड़पार तहसील सारागांव जिला जॉजगीर-चांपा छ.ग. हा.मु. वंदना बुटिक जगदल्ला चांपा तहसील चांपा जिला जॉजगीर-चांपा।
जिसे सूचना दिया जा रहा है :- श्रीमती निशा राठौर पति रोहित राठौर जाति तेली निवासी कोरबा हाउस नं. 24 कोहड़िया (कोरबा) तहसील व जिला कोरबा छ.ग.

मैं जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय आपको इस आशय का नोटिस देता हूँ कि आपके द्वारा ग्राम जगदल्ला स्थित भूमि ख.नं. 353/1/क/4 रकबा 0.04 ए. भूमि को 4,25,000/- चार लाख पच्चीस हजार रूपये प्रति डिसमिल की दर से मेरे पास विक्रय करने का सौदा दिनांक 08.01.2026 को करते हुये 11,000/- ग्यारह हजार रूपये बयाना राशि प्राप्त कर लिये हैं और दिनांक 31.03.2026 तक रजिस्ट्री करने हेतु इकरार आपके द्वारा किया गया था। मेरे द्वारा आपको मौखिक/फोन के माध्यम से एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से सूचना पत्र देकर सूचित किया था कि आप दिनांक 31.03.2026 तक उप पंजीयक चांपा में आकर उक्त भूमि को मेरे या/मेरे अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन कर दें लेकिन आप उक्त दिवस को न तो उप पंजीयक कार्यालय चांपा में उपस्थित हुये और न ही आज दिनांक तक मुझे कोई सूचना दिये हैं।

मैं इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित करता हूँ कि आप इस सूचना पत्र प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मुझसे मुलाकात कर उक्त लेन देन का समाधान कर लें। अगर आपके द्वारा कोई समाधान नहीं किया जाता है तो मैं सक्षम न्यायालय में उक्त विक्रय/क्रयशुदा भूमि को अपने नाम पर एकपक्षीय रजिस्ट्री कराने हेतु वाद दायर करूँगा। जिसकी समस्त हर्जे खर्चे एंव नुकसान का देनदार आप रहेंगे।
सो सूचना जाने।
दिनांक.3.6.26

**सूचनाकर्ता**
**जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम मुड़पार तहसील सारागॉव जिला जॉजगीर-चांपा छ.ग. हा.मु. वंदना बुटिक जगदल्ला चांपा तहसील चांपा जिला जॉजगीर-चांपा छ.ग.**
**मो.नं. 7489527505**

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

ADMISSIONS OPEN 2026-27
Play Group to KG-2
CAREER PUBLIC SCHOOL
37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
PURPLE TURTLE Pre-School
ACTIVITY CENTRE
PLAY GROUP | NURSERY | KG-1 | KG-2
For Admission Contact - 9522384848
BUS FACILITY AVAILABLE
TALKING PEN TEACHING TECHNOLOGY
Behind Ambedkar Bhawan, Near Helipad, Korba (C.G.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### मुड़ापार में जनसमस्या निवारण शिविर आज


**कोरबा।** सुशासन तिहार के तहत ग्रामीणों के समस्याओं, मांग एवं शिकायतों के निराकरण और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने व लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से 4 जून को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पाली के कलस्टर ग्राम मुड़ापार में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विभागीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। साथ ही ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### श्रद्धा महिला मण्डल ने वृद्धाश्रम में भेंट किया कूलर



**कोरबा।** श्रद्धा महिला मण्डल, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति, सेंट्रल वर्कशॉप सेण्ट्रल स्टोर्स कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी के नेतृत्व में मां सर्वमंगला मंदिर स्थित प्रशांति वृद्धाआश्रम में निवासरत बुजुर्गो को माह मई के भीषण गर्मी से निजात दिलाने हेतु आकृति महिला समिति द्वारा कूलर भेंट किया गया एवं उनके मध्य खाने का पैकेट भी वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी एवं उनकी टीम की उपस्थित सदस्याओं ने बुजुर्गो के साथ कुछ पल बिताये और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर आकृति महिला समिति के अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी, सचिव श्रीमती सीमा राव, कोषाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती अंजना पराशर एवं श्रीमती अर्चना दुबे आदि उपस्थित रहीं।

### बेलाकछार सहित अन्य गांव को मिला ट्रांसफार्मर, बिजली समस्या से मिला निजात



**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार, दोंदरो, संगम नगर के ग्रामीण आए दिन हो रही बिजली की आंखमिचौली से प्रताड़ित हैं। गांव में विगत तीन दिनों से बिजली नहीं है। ग्रामीणों के द्वारा दर्री जोन में पहुंचकर अधिकारियों को क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया जिसके उपरांत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। इस दौरान राकेश साहू, अनिल दास मानिकपुरी पांच वार्ड क्रमांक 12, लक्ष्मण दास, वार्ड क्रमांक 11, लिलेश्वर शर्मा, दारा दास, मनोज साहू, कन्हैया यादव वार्ड क्रमांक 14 पांच, सौरभ चंद्र, टोबो, धनीराम बरेट, सुरेश पटेल, उमेश देवांगन, नागेश सोनी, भीम नायक, आशीष दास, शिव पोर्ट, ननकू यादव, झंगलू यादव, मनोज साहू, कौशल पटेल पूर्व जनपद सदस्य उपस्थित थे।

### रासेयो छात्राओं ने साइकिल रैली द्वारा सन्देश देते हुए शहर का किया भ्रमण

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सविता पाठक व शिवकुमार साहू की संगठन व्यवस्था में प्रेरक नारों का वाचन करते हुए स्वयंसेवकों ने शहर का भ्रमण किया। सर्वप्रथम शासकीय साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित स्वयंसेवकों को फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज को चरितार्थ करते हुए पीटी व्यायाम व खड़े होकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी ने सन 1817 में प्रथम साइकिल निर्माण का इतिहास, सतत अनुसंधान व सुधार, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा साइकिल दिवस मनाए जाने की आवश्यकता व इस वर्ष के थीम की थीम हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना की जानकारी प्रदान कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया तथा सुरक्षा सड़क सुरक्षा जागरूकता के नियमों, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रदान कर सुरक्षित वाहन चलाने की शपथ दिलवाई गई।

# एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण अभियान की रोल मॉडल पहल ने बालिकाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

युवा बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समग्र विकास को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी कोरबा के बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत रोल मॉडल पहल के तहत प्रेरणादायक सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इस पहल का उद्देश्य अभियान की प्रतिभागी बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों के सफल और प्रतिष्ठित पेशेवरों के साथ संवाद का अवसर प्रदान करना है ताकि वे उनके वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीख सकें और अपने भविष्य के लक्ष्यों के लिए प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

इसी क्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं को वन प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण, मीडिया तथा शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से संवाद करने का अवसर मिला, जिनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन ने इन सत्रों को सार्थक और यादगार बना दिया। 30 मई को प्रतिभागियों ने श्रीमती प्रेमलता यादव, वन मंडलाधिकारी, कोरबा के साथ संवाद किया। उन्होंने वन प्रशासन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने के लिए समर्पण, ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर सीखते रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालिकाओं को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम ही चुनौतियों पर विजय पाने और सपनों को साकार करने की कुंजी हैं। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए श्रीमती यादव ने प्रतिभागियों से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और दृढ़ता को सफल भविष्य के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। बालिकाओं को चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा हर चुनौती सीखने और आगे बढ़ने का एक अवसर होती है। यदि आपके पास दृढ़ता, साहस और समर्पण है, तो कोई भी लक्ष्य आपकी पहुँच से दूर नहीं है। इस पहल को और सशक्त बनाते हुए 1 जून को बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया।

## आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का होता है विकास

**खास बातें**

- प्रतिभागी बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में सफल व प्रतिष्ठित के साथ संवाद प्रदान करना



## वर्ष 2018 से बंजारी में बन रहा है आदर्श कॉलेज, रोड नहीं होने से हैंडओवर अटका

# पीजी कालेज कन्वेंशन हॉल व आर्दश कॉलेज का भवन नहीं हो सका है हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो महत्वपूर्ण महाविद्यालय के भवन के हैंडओवर नहीं होने का मामला सामने आया है। पहला पीजी कॉलेज का कन्वेंशन हाल दूसरा ग्राम बंजारी में बनकर तैयार आदर्श कॉलेज का भवन शामिल है। दोनों को ही अब तक निर्माण एजेंसी के द्वारा कॉलेज प्रबंधन को हैंडओवर नहीं किया गया है।

**खास बात**

- पीजी कॉलेज में पांच साल से बन रहा है कन्वेंशन हाल, अभी भी कई काम बाकी

ग्राम बंजारी में केंद्र सरकार की आवासीय आदर्श कॉलेज योजना अंतर्गत वर्ष 2018 में स्वीकृति के पश्चात लोक निर्माण विभाग को एजेंसी बनाकर निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी तब से लेकर आठ साल में कई तकनीकी कारणों के कारण लगातार कार्य रुकता रहा वर्ष 2026 में भवन बनकर तैयार हो गया है लेकिन महज रोड निर्माण नहीं होने कारण कॉलेज का भवन प्रबंधन को हैंडओवर नहीं किया गया है। डीएमएफ से पहुंच मार्ग निर्माण के लिए राशि की घोषणा की गई है पहुंचमार्ग निर्माण के बाद ही कॉलेज भवन प्रबंधन को हैंडओवर हो सकेगा। अब तक आदर्श कॉलेज की कक्षाएं वर्ष 2025 से बरपाली के शासकीय कॉलेज में संचालित हो रही है। उसके पूर्व पीजी कॉलेज में ही आदर्श कॉलेज संचालित होता था। पहुंचमार्ग नहीं होने के कारण ही भवन का हैंड ओवर नहीं होने का प्रमुख कारण बताया गया है। इसी तरह पीजी कॉलेज में डीएमएफ की राशि से कन्वेंशन हाल का निर्माण का काम शुरु किया गया था। जिसके लिए नगर निगम को एजेंसी बनाया गया था। जहां भी निर्माण कार्य कई बार तकनीकी कारणों से रुकता रहा अंदर के कार्य पूरी से नहीं होने के कारण प्रबंधन ने हैंड ओवर लेने से इनकार कर दिया था। एक माह पूर्व हैंड ओवर करने की प्रक्रिया शुरु की गई है किंतु अभी भी पूर्ण नहीं हो सका है। जिसकी वजह से हैंड ओवर की प्रक्रिया भी अटकी हुई है।



फाइल फोटो

### लगातार बढ़ रही है लागत

निर्माण कार्य समय पर पूरे नहीं होने के कारण उनकी लागत भी बढ़ रही है। आदर्श कॉलेज के लिए वर्ष 2018 में 5 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई थी जो बढ़कर अब 8 करोड़ के लगभग पहुंच चुकी है इसके अलावा पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 1 करोड़ की और राशि डीएमएफ से स्वीकृत की गई है। इसके अलावा पीजी कॉलेज के कन्वेंशन हाल के निर्माण के लिए भी लागत राशि बढ़ी है। निर्माण कार्यों की सही मॉनिटरिंग नहीं होने कारण समय पर भवन हैंड ओवर नहीं हो पा रहे हैं।

### लंबे समय बाद छात्रावास मिला कॉलेज प्रबंधन

पीजी कॉलेज परिसर में बालक एवं बालिका छात्रावास का निर्माण किया गया था। सौ सीटर वाले इन दोनों छात्रावास भी कॉलेज प्रबंधन को लंबे समय बाद मिला था। निर्माण के बाद भी ऐसे काई कार्य भवन के अंदरुनी हिस्से में रुके हुए थे जिनका पूरा नहीं होने के कारण छात्रावास को हैंडओवर नहीं किया गया था। जिसकी वजह से छात्रावास जर्जर होने की स्थिति में पहुंच गया था। जिला प्रशासन के द्वारा दबाव किए जाने के कारण भवन को नए सिरे से तैयार कर बीते वर्ष कॉलेज प्रबंधन को हैंड ओवर किया गया था।

# एमबीबीएस इंटर्न्स के स्टाइपेंड बढ़ोतरी की मांग तेज



ज्ञापन सौंपते एमबीबीएस छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य में एमबीबीएस इंटर्न्स को अगस्त 2023 से 15 हजार 900 रुपए प्रतिमाह का स्टाइपेंड दिया जा रहा है। अस्पतालों में इंटर्न्स के भारी कार्यभार और राष्ट्रीय औसत की तुलना में यह राशि काफी कम मानी जा रही है। इसी विसंगति को दूर करने और स्टाइपेंड में एक सम्मानजनक वृद्धि की मांग को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने एक राज्यव्यापी मुहिम की शुरुआत की है।

स्टाइपेंड बढ़ोतरी की इस मांग को प्रदेश भर के मेडिकल छात्रों का पुरजोर समर्थन मिल रहा है। इस मुहिम के पक्ष में अब तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 6,468 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो चुकी हैं। इस अभियान में प्रथम वर्ष के छात्रों से लेकर वर्तमान में इंटर्नशिप कर रहे सभी बैच के छात्र एकजुट होकर शामिल हुए हैं। अपनी इस जायज मांग को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने के लिए आईएमए छत्तीसगढ़ द्वारा तय किया गया है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन को ज्ञापन पत्र सौंपा जाएगा। इसी कड़ी में कोरबा मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने प्रमुखता से अपनी आवाज उठाई। आईएमए छत्तीसगढ़ के कन्वीनर डॉ. शाहदिल खुशरू और आईएमए कोरबा के सचिव डॉ. अजय स्वर्णकार की उपस्थिति में छात्रों ने कोरबा मेडिकल कॉलेज के डीन को ज्ञापन पत्र सौंपा। डीन ने छात्रों की इस मांग को अत्यंत गंभीरता से लिया। उन्होंने आईएमए कोरबा के सचिव और छात्रों के साथ इस विषय पर सकारात्मक चर्चा की तथा त्वरित कदम उठाते हुए ज्ञापन पत्र को आगे की आधिकारिक कार्यवाही के लिए आवक-जावक विभाग में भेज दिया।

# डीएमएफ मद से जिले में हो रहे विभिन्न विकास कार्य : लखन



विकास कार्यों का लोकार्पण करते श्रम व उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय स्तर पर विकास हेतु फंड की व्यवस्था किये जाने के मद्देनजर जिलों में जिला खनिज न्यास मद की सौगात देकर देश व प्रदेश में विकास के रास्ते खोल दिये हैं, जिला खनिज न्यास मद से अधिकांश बडे विकास कार्य स्कूल, छात्रावास, आंगनबाड़ी, सड़क, भवनों के निर्माण सहित अन्य अधोसंरचना संबंधी विकास के कार्य इस मद से कराये जा रहे हैं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर भी जिला खनिज न्यास मद से फंड की व्यवस्था हो रही है, इसी मद से आज इस कालेज में भव्य डोम व किचन शेड का निर्माण हुआ है, डोम की उपलब्धता से कालेज को विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजनों व सभाओं हेतु एक सुविधापूर्ण स्थल उपलब्ध हो चुका है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने घंटाघर स्थित मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में जिला खनिज न्यास मद से 75 लाख रूपये की लागत से डोम निर्माण तथा किचन शेड के लोकार्पण के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि एक ओर जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेयी ने देश में विकास का नया विजन दिया था, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप भारत की छबि विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में निर्मित हुई है। उन्होने कहा कि डा.रमन सिंह 15 वर्षो तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, राज्य का सर्वांगीण विकास किया, सभी वर्ग के लोगों के लिये जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई तथा राज्य की दशा व दिशा बदली और अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ राज्य का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित निगम के पार्षदगण, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री को देश के हर वर्ग के हितों की चिंता

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है, वहीं कोरबा के विकास के लिये उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन पूरे समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के प्रयास से कालेज में 75 लाख रूपये की लागत से डोम का निर्माण कराया गया है, जिले के दूरदराज क्षेत्रों से छात्राएं इस कालेज में अध्ययन के लिये आती है। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के मंदिर इस महाविद्यालय को एक बेहतर सुविधा आज प्राप्त हुई है, भव्य डोम व कैटीन हेतु लोकार्पित किया गया है, जिसके लिये मैं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत को धन्यवाद देता हूं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री व महापौर के द्वारा सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में व्यापक रूप से विकास कार्य कराये जा रहै हैं, जिससे बरसों से व्याप्त समस्याएं दूर हो रही हैं।

# गिट्टी अनलोड करते समय ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोतीसागर पारा क्षेत्र में बुधवार की दोपहर गिट्टी अनलोड करते समय एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना ट्रक का संतुलन बिगड़ने से हुई। घटना के समय ट्रक चालक वाहन में ही मौजूद था, जो सकुशल है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, समय रहते स्थिति नियंत्रित हो गई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा ट्रक को हटाने की व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल इस घटना में ट्रक का चालक सुरक्षित है और किसी को भी कोई चोट या नुकसान नहीं हुआ है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166